Title: Need to set up Akashvani Kendras in Mandsaur and Neemuch districts of Madhya Pradesh.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : सभापति जी, देश भर में जहां आकाशवाणी और दूरदर्शन की सेवाओं में अत्यधिक विस्तार हुआ है, वहीं मध्य प्रदेश इस दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है, विशेषकर मध्य प्रदेश के सुदूरवर्ती मंदसौर, नीमच तथा रतलाम जिले इस सुविधा की दृष्टि से काफी पीछे है। यहां पर पिछले काफी समय से बार-बार आकाशवाणी केन्द्र स्थापित किए जाने की मांग उठाई जाती रही है। वर्तमान में यहां पर आकाशवाणी का रिले केन्द्र है, जो कि पूरी तरह से क्षेत्र की जनता की इच्छाओं को पूरा नहीं कर पाता है।

अतः मेरा सूचना प्रसारण मंत्री से अनुरोध है कि मध्य प्रदेश के मंदसौर तथा नीमच जिलों में आकाशवाणी के केन्द्र स्थापित किए जायें तथा वर्तमान में जो रिले केन्द्र यहां पर चल रहे हैं, उनमें इस समय एफ.एम. बैंड की सुविधा नहीं है। उसमें एफ.एम. बैंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाये, ताकि क्षेत्र की जनता को सुविधा प्राप्त हो सके।

(इति)